आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे पर हुए 90 हजार करोड़ रुपये के एमओयू। मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा यह प्रयास।
- नागर विमानन महानिदेशालय ने टिकट रिफंड नियमों में किया संशोधन। अब यात्री बुकिंग के 48 घंटे के भीतर कुछ शर्तों के साथ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के रद्द कर सकते हैं हवाई टिकट।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वाराणसी में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का किया दौरा। वैज्ञानिकों से शोध कार्यों का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाने का किया आह्वान।
- प्रदेश में आज मनाई जा रही है रंगभरी एकादशी। मथुरा सहित समूचे ब्रज मंडल में किए गए हैं व्यापक इंतजाम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय जापान दौरे के दौरान प्रदेश सरकार ने जापान की विभिन्न कम्पनियों के साथ नब्बे हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। जापान में मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शी नीतियों, बेहतर कानून–व्यवस्था और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण निवेशकों का भरोसा उत्तर प्रदेश पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच हुई साझेदारी प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कल यामानाशी प्रांत स्थित अत्याधुनिक हाइड्रोजन ऊर्जा संयंत्र का भ्रमण किया। इस दौरान प्रदेश सरकार ने यामानाशी प्रांत के साथ ग्रीन हाइड्रोजन तकनीक को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत उत्तर प्रदेश के उच्च तकनीकी संस्थानों के छात्रों को जापान में उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के नेट जीरो लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**इस तकनीक को सफलता पूर्वक उत्तर प्रदेश के अंदर लागू करने में उत्तर प्रदेश की इंडस्ट्री के लिए उत्तर प्रदेश की पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए उत्तर प्रदेश के अंदर ऊर्जा की आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने के लिए इस तकनीक का उपयोग कर पाएंगे और इस तकनीक को हम लोग प्रधानमंत्री मोदी जी के नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में यह बड़ी महत्वपूर्ण पहल हो सकती है।**

मुख्यमंत्री ने यामानाशी में आयोजित यूपी इन्वेस्टमेंट रोड शो में प्रदेश की नई विकास नीति और निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रमुखता से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने शासन की कार्यशैली को रिएक्टिव से बदलकर प्रोएक्टिव बनाया है और यही परिवर्तन आज प्रदेश की तेज आर्थिक प्रगति का आधार बना है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस वर्ष बावन सप्ताह में रेलवे में बावन सुधार करने के संकल्प के अंतर्गत दो और सुधारों की घोषणा की है। नई दिल्ली में कल श्री वैष्णव ने तीसरे सुधार, रेल प्रौद्योगिकी नीति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य रेलवे में प्रौद्योगिकी को बड़े पैमाने पर अपनाना है।

**रेल ट्रैक बेसिकली रेलवे में टेक्नोलॉजी का मैसिव यूज हो और रेलवे में टेक्नोलॉजी इजीली आ सके स्पेशली हमारी जो स्टार्टअप्स है दे शूड बी एबल्ड टू कनेक्ट विद रेलवे इन ए वेरी सिस्टमैटिक वे वेरी मीनिंगफुल वे। तो जो लोग हमारे स्टार्टअप्स से जो हमारे रिसर्चस है और जिनके पास भी टेक्नोलॉजिकल आईडिया है। वह लोग रेलवे के साथ जुड़ सके, इस गेम के साथ रेल टेक पॉलिसी स्टार्ट की है।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कल मिर्जापुर में निर्माणाधीन मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय की दीर्घकालिक विकास योजना को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षण संस्थान नहीं, विंध्य क्षेत्र के समग्र विकास का केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय को भविष्य में एक बहुआयामी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ–साथ रोजगारपरक, तकनीकी और शोध आधारित पाठ्यक्रम भी संचालित हों।

**********

नागर विमानन महानिदेशालय ने विमानन कंपनियों के लिए टिकट रिफंड नियमों में संशोधन किया है। एक रिपोर्ट–

**अब यात्री टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर कुछ शर्तों के साथ बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के हवाई टिकट रद्द कर सकते हैं या बदल सकते हैं। सीधे विमानन कंपनी की वेबसाइट से बुक किए गए टिकट में यदि यात्री बुकिंग के 24 घंटों के भीतर नाम में गलती की सूचना देता है तो सुधार के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि टिकट किसी ट्रैवल एजेंट या पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया है तो रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइंस की होगी। विमानन कंपनी को रिफंड प्रक्रिया 14 कार्य दिवसों के भीतर पूरी करनी**

**होगी। इसके अलावा, यात्री को मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में टिकट रद्द करने के नियमों में भी बदलाव किए गए हैं। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

**********

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल वाराणसी में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। केन्द्रीय मंत्री ने एक समीक्षा बैठक कर संस्थान में सब्जी उत्पादन की नवीनतम तकनीकों और अनुसंधान कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि शोध कार्यों का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचे और इससे कृषकों की आय में वृद्धि हो सके। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ दरबार में हाजिरी भी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने भगवान शिव से विकसित भारत के निर्माण में सहायक बनने की कामना की।

**भगवान के दर्शन हुए, वह सब पर कृपा की वर्षा करें, आशीर्वाद की वर्षा करें। हमारी जनता सुखी हो और एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध, शक्तिशाली, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हम सब अपना योगदान दें और भौतिकता की अग्नि में दग्ध विश्व मानवता को भारत शांति के पथ का दिग्दर्शन कराएं। यही उनके चरणों में प्रार्थना है।**

**********

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कल बरेली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट दो हजार छब्बीस के आयोजन ने दुनिया भर के शीर्ष नेतृत्व और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस समिट के जरिए भारत की उभरती क्षमता का वैश्विक प्रदर्शन हुआ।

**एआई इंपैक्ट समिट आदरणीय प्रधानमंत्री जी का जो रूपरेखा है जो उनकी सोच है के अनुरूप भारत में उसका आयोजन किया गया। तमाम देश, दुनिया के लोग, नेतृत्व, इंडस्ट्री के लीडर्स और खास तौर से भारत के युवा जो इस क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं, उनको एक बहुत ही सुनहरा अवसर मिला और इससे दर्शाता है कि भारत की उभरती हुई क्षमता भारत का टेक्नोलॉजी के स्पेस में आगे क्या काम हो रहे हैं और एआई एक ऐसी चीज है जो आने वाले समय में बहुत ही कारगर साबित होगी भारत के लिए चाहे वह किसान उन के उत्पादन के लिए चाहे शिक्षा हो, चाहे स्वास्थ्य हो, चाहे हमारे पर्यावरण हो, तमाम ऐसी चीजें जिस पर भारत पर फोकस कर रहा है।**

**********

मथुरा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज रंगभरी एकादशी मनाई जाएगी। समूचे ब्रज मंडल के प्रमुख मंदिरों में देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु अबीर गुलाल से रंगो में सराबोर होंगे। मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि रंगभरी एकादशी के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

**पूरे दिन भर परिक्रमा होती है तो किसी को असुविधा ना हो और जो व्यक्ति यहां दर्शन करने के लिए आए जो श्रद्धालु आवे वह यहां दर्शन उनको सुगमता से हो, उनकी परिक्रमा सुगमता से हो। यही प्रयास किया जा रहा है और पूरी टीम इसी दिशा में लगी हुई है।**

अयोध्या में भी आज से होली का शुभारंभ हो रहा है। वाराणसी में रंगभरी एकादशी पर शिर्वाचनम मंच पर कार्यक्रमों के दौरान फूलों की होली खेली जायेगी।

**********

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में सुपर–8 के ग्रुप–1 में कल चेन्नई में हुए मुकाबले में भारत ने जिम्बावे को 72 रनों से हरा दिया। जिम्बावे की टीम ने टास जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इस तरह पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने जिम्बावे को दो सौ 57 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में जिम्बावे की टीम निर्धारित बीस ओवर में छह विकेट पर 184 रन ही बना सकी।

**********

मौसम विभाग ने इस सप्ताह प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक के क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार इस अवधि में न्यूनतम तापमान में भी दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी।

**********